दैनिक भास्कर 17 दिसंबर – 2014

# आरसीएफ में एक यूनियन ने ज्ञापन सौंपा, दूसरे ने बैठक की

## आईआरटीएसए बोली–मांगें पूरी करो



कपूरथला | इंडियन रेलवे टेक्नीकल सर्विस एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारिणी का प्रतिनिधिमण्डल कार्यकारी अध्यक्ष दर्शन लाल की अध्यक्षता में 7वें केंद्रीय वेतन आयोग भारत सरकार को बीएसएफ हैडक्वार्टर जोधपुर में जाकर मिला। आईआरटीएसए ने आयोग से विस्तृत चर्चा की व एक ज्ञापन आयोग सौंपा। उन्होंने बताया कि उनकी समस्याओं में तकनीकी प्रर्यवेशको के चलते मुद्दे जैसे जेई/सीएमए/डीएमएस को ग्रुप पे 4800, एसएसई को 5400 ग्रेड पे दिलवाना, एसएस ई का कैरियर के 20-20 वर्गों तक एक ही पद्ध नियुक्त वेतनमान में स्थिर रह जाना शामिल हैं। इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल में इंजीनियर दर्शन लाल, इंजीनियर रमेश, इंजीनियर ओएन पुरोहित, मयंक भटनागर, राजेश जटाना, इंजीनियर जगतार सिंह आदि उपस्थित थे।

## इंप्लाईज यूनियन बोली–सरकार लापरवाह



कपूरथला | आरसीएफ इंप्लाईज यूनियन की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें प्रैस सचिव अमरीक सिंह ने कहा कि मोदी सरकार विकास के नाम पर मनमोहन सिंह सरकार वाली नीतियां ही तानाशाही से लागू करवाना चाहती है। वह चाहे रेलवे में एफडीआई हो, चाहे किराए में बढ़ोतरी हो या अन्य। उन्होंने साथियो को याद करवाया कि 1991 में तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने गैर समझौते पर साइन करते हुए गरीबी, मंहगाई कम करने, औद्योगिक विकास करवाने आदि बहुत सारे दावे किए थे। इस अवसर पर अमरीक सिंह, मनजीत सिंह, बचित्र सिहं, दलजीत सिंह, जसपाल सिंह, रघूबीर सिंह, हरविंदरपाल सिहं, करनैल सिंह, राम दास, भरत राज, तरलोचन सिंह, सुखचैन सिंह, यादविंदर सिंह, हरमन सिंह, कुलदीप सिंह, अवतार सिंह, अमरीक सिंह, सीता राम, अरविंद, विजय कुमार उपस्थित थे।

दैनिक जागरण 17 दिसंबर – 2014

# शिष्टमंडल ने वेतन आयोग को ज्ञापन सौंपा

- आइआरटीएसए संस्था ने जोधपुर जाकर आयोग से मुलाकात की

जागरण संवाददाता, कपूरथला : आइआरटीएसए की केंद्रीय कार्यकारिणी का एक प्रतिनिधिमंडल भारत सरकार के सातवें केंद्रीय वेतन आयोग को बीएसएफ हेडक्वाटर जोधपुर में जाकर मिला। प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता आइआरटीएस के कार्यकारी अध्यक्ष दर्शन लाल ने की। उन्होंने आयोग को व्यक्तिगत रूप से समय देने के लिए आभार जताया। इस मुलाकात के दौरान आइआरटीएसए की केंद्रीय कार्यकारिणी ने वेतन आयोग के हुई बातचीत में सुपरवाइजर इंजीनियर्स के साथ किए जा रहे भेदभाव, वित्तीय अनियमितताओं, वरिष्ठ सुपरवाइजर के लिए तरक्की के बेहद कम अवसरों आदि चुनौतीपूर्ण समस्याओं को माननीय आयोग के समक्ष प्रभावशाली ढंग से उठाया।

आइआरटीएसके की टीम ने तकनीकी प्रर्यवेक्षकों के ज्वलंत मुद्दे जैसे की जेई, सीएमए, डीएसएम का ग्रेड पे 4800 रुपये, एसएसइ, सीएमएस, सीडीएमएस को 5400 रुपये ग्रेड पे दिलवाने का मसला उठाया। इसके अलावा एसएसइ का कैरियर के दौरान 20–20 वर्षो तक एक ही पद नियुक्त वेतनमान में स्थित रह जाने, सीएमए–1 के ग्रेड पे में अनियमितता को दूर करने, रेलवे में ग्रुप ए तथा ग्रुप बी में बहुत कम पद होने, पिछले वेतन आयोग तथा डीओपीटी की सिफारिशों के अनुसार वरिष्ठ तकनीकी प्रर्यवेक्षकों तथा समक्षक को राजपत्रित ना किए जाने के मुद्दे भी उठाए गए। इनके अतरिक्त केंद्रीय सरकार के अन्य विभागों में राजपत्रित पदों का पिछले 8 सालों में 36 प्रतिशत विस्तार होना जबकि उसे रेलवे में लागू ना किए जाने, री–स्ट्रकचरिंग को ग्रुप एबीसी तीनों में किए जाने की मांग की गई।



सातवें वेतन आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए आइआरटीएस के कार्यकारिणी के अध्यक्ष दर्शन लाल।

इस पर माननीय अध्यक्ष तथा सदस्यों ने चर्चा के अनेक विंदुओं पर गौर किया। मौके पर दर्शन लाल, आइआरटीएसए के प्रतिनिधि मंडल के इंजीनियर दर्शन लाल, केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष केवी रमेश, केंद्रीय सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओएन पुरोहित, मयंक भटनागर, केंद्रीय जोनल सेक्रेटरी इंजी. राजेश जटाना, केंद्रीय ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी इंजी. जगतार सिंह आदि उपस्थित थे।

ਜੱਗਬਾਣੀ 18 ਦਿਸੰਬਰ 2014

# ਆਈ. ਆਰ. ਟੀ. ਐੱਸ. ਏ. ਦੇ ਵਫਦ ਨੇ 7ਵੇਂ ਕੇਂਦਰੀ ਤਨਖਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨ ਨੂੰ ਸੌਂਪਿਆ ਮੰਗ-ਪੱਤਰ

ਕਪੂਰਥਲਾ, 17 ਦਸੰਬਰ (ਮੱਲ੍ਹੀ)-ਇੰਡੀਅਨ ਰੇਲਵੇਜ਼ ਟੈਕਨੀਕਲ ਸੁਪਰਵਾਈਜਰਜ਼ ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ (ਆਈ.ਆਰ.ਟੀ.ਐੱਸ.ਏ.) ਦੇ ਕੇਂਦਰੀ ਕਾਰਜਕਾਰਣੀ ਦੇ ਵਫਦ ਨੇ ਅੱਜ 7ਵੇਂ ਕੇਂਦਰੀ ਤਨਖਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨ ਭਾਰਤ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੁੱਖ ਦਫਤਰ ਬੀ.ਐੱਸ.ਐੱਫ. ਹੈੱਡਕੁਆਟਰ ਜੋਧਪੁਰ 'ਚ ਜਾ ਕੇ ਸੁਪਰਵਾਈਜਰ ਇੰਜੀਨੀਅਰਾਂ ਦੀਆਂ ਮੁੱਖ ਮੰਗਾਂ ਵਾਲਾ ਮੰਗ ਪੱਤਰ ਸੌਂਪਿਆ। ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਇੰਜੀ. ਦਰਸ਼ਨ ਲਾਲ, ਇੰਜੀ. ਕੇ.ਵੀ. ਰਮੇਸ਼, ਇੰਜੀ. ਓ.ਐੱਨ. ਪੁਰੋਹਿਤ, ਇੰਜੀ. ਮੈਯੰਕ ਭਟਨਾਗਰ, ਇੰਜੀ. ਰਾਜੇਸ਼ ਜਟਾਵਾ ਤੇ ਇੰਜੀ. ਜਗਤਾਰ ਸਿੰਘ ਆਦਿ ਨੇ 7ਵੇਂ ਤਨਖਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਤੇ ਕਾਰਜਕਾਰਣੀ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਵਿਅਕਤੀਗਤ ਤੌਰ 'ਤੇ ਮਿਲ ਕੇ ਮੰਗ ਪੱਤਰ ਸੌਂਪਦਿਆਂ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਜੇ. ਈ./ਸੀ. ਐੱਮ. ਏ./ਡੀ. ਐੱਮ. ਐੱਸ./ਸੀ. ਡੀ. ਐੱਮ. ਐੱਸ. ਨੂੰ ਗਰੇਡ ਪੇ 5400 ਰੁਪਏ ਦੇਣ, ਐੱਸ. ਐੱਸ. ਈ. ਦਾ ਕਰੀਅਰ ਦੇ 20-20 ਸਾਲਾਂ ਤੱਕ ਇਕ ਹੀ ਅਹੁਦੇ 'ਤੇ ਸਥਿਰ ਰਹਿ ਜਾਣਾ, ਸੀ. ਐੱਮ. ਏ.-1 ਦੇ ਗ੍ਰੇਡ ਪੇ 'ਚ ਅਨਿਸ਼ਚਿਤਤਾ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨਾ, ਰੇਲਵੇ 'ਚ ਗਰੁੱਪ ਏ ਤੇ ਗਰੁੱਪ ਬੀ 'ਚ ਬਹੁਤ ਘੱਟ ਪੋਸਟਾਂ ਦਾ ਹੋਣਾ, ਪਿਛਲੇ ਤਨਖਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨ ਤੇ ਡੀ. ਓ. ਪੀ. ਟੀ. ਦੀ ਸਿਫਾਰਸ਼ ਦੇ ਅਨੁਸਾਰ ਸੀਨੀਅਰ ਤਕਨੀਕੀਆਂ ਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ, ਰੀਸਟਰਕਰਿੰਗ ਨੂੰ ਗਰੁੱਪ ਏ. ਬੀ. ਸੀ. ਤਿੰਨਾਂ 'ਚ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਤਾਂ ਕਿ ਗਰੁੱਪ ਸੀ ਤੋਂ ਗਰੁੱਪ ਬੀ 'ਚ ਜਾਣਾ ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਹੋਵੇ ਤੇ ਐੱਮ.ਏ.ਸੀ.ਪੀ. ਅਨੁਸਾਰ ਤਕਨੀਕੀ ਸੁਪਰਵਾਈਜਰਾਂ ਨੂੰ ਵਿੱਤੀ ਲਾਭ ਮਿਲਣ 'ਚ ਆ ਰਹੀਆਂ ਮੁਸ਼ਕਲਾਂ ਨੂੰ ਪ੍ਰਭਾਵਸ਼ਾਲੀ ਤੇ ਤਰਕਪੂਰਨ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਵਿਚਾਰਿਆ ਜਾਵੇ ਆਦਿ ਮੰਗਾਂ ਬਾਰੇ ਵਫਦ ਦੀ 7ਵੇਂ ਪੇ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਅਧਿਕਾਰੀਆਂ ਨਾਲ ਵਿਚਾਰ-ਚਰਚਾ ਹੋਈ। ਤਨਖਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਅਧਿਕਾਰੀਆਂ ਨੇ ਵਫਦ ਨੂੰ ਭਰੋਸਾ ਦਿਵਾਇਆ ਕਿ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਮੰਗਾਂ ਬਾਰੇ ਗੰਭੀਰਤਾ ਨਾਲ ਵਿਚਾਰ ਕਰਨਗੇ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਣਦੇ ਹੱਕ ਲਾਗੂ ਕਰਨ ਲਈ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਨਗੇ।



*7ਵੇਂ ਤਨਖਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਜੋਧਪੁਰ ਵਿਖੇ ਮੁੱਖ ਦਫਤਰ 'ਚ ਮੁੱਖ ਅਧਿਕਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਮਿਲ ਕੇ ਮੰਗ ਪੱਤਰ ਸੌਂਪਦੇ ਹੋਏ ਆਈ. ਆਰ. ਟੀ. ਐੱਸ. ਏ. ਦੇ ਅਹੁਦੇਦਾਰ।* (ਚੋਪੜਾ)

पंजाब केसरी - 17 दिसंबर - 2014

# आई.आर.टी.एस.ए. के शिष्टमंडल ने 7वें केन्द्रीय वेतन कमीशन को सौंपा मांग-पत्र



*मुख्य अधिकारियों को मिलकर मांग-पत्र सौंपते हुए आई.आर.टी.एस.ए. के पदाधिकारी।* (चोपड़ा)

कपूरथला, 16 दिसम्बर (मल्ली): इंडियन रेलवेज टैक्नीकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन (आई.आर.टी.एस.ए.) के केन्द्रीय कार्यकारिणी के शिष्टमंडल ने आज 7वें केन्द्रीय वेतन कमीशन भारत सरकार को उनके मुख्य दफ्तर बी.एस.एफ. हैडक्वार्टर जोधपुर में जाकर सुपरवाइजर इंजीनियरों की मुख्य मांगों वाला मांग-पत्र सौंपा। एसोसिएशन के प्रधान इंजी. दर्शन लाल, इंजी. के.वी. रमेश, इंजी. ओ.एन. पुरोहित, इंजी. मयंक भटनागर, इंजी. राजेश जटाणा तथा इंजी. जगतार सिंह आदि ने 7वें वेतन कमीशन के प्रधान तथा कार्यकारिणी सदस्यों को व्यक्तिगत तौर पर मिलकर मांग-पत्र सौंपते हुए बताया कि जे.ई./सी.एम.ई./डी.एम.एस. को ग्रेड-पे 4800 रुपए, एस.एस.ई./सी.एम.एस./सी.डी.एम.एस. को ग्रेड-पे 5400 रुपए दे, एस.एम.ई. का करियर के 20-20 सालों तक एक ही पद पर स्थिर रह जाना, सी.एम.ए.-1 के ग्रेड-पे में अनिश्चितता को दूर करना, रेलवे में ग्रुप-ए तथा ग्रुप-बी में बहुत कम पोस्ट का होना तथा एम.ए.सी.पी. के अनुसार तकनीकी सुपरवाइजरों को वित्तीय लाभ मिलने में आ रही मुश्किलों को प्रभावशाली तथा तर्कपूर्ण तरीके से विचार किया जाए, आदि मांगों बारे शिष्टमंडल की 7वें पे-कमीशन के अधिकारियों के साथ चर्चा हुई। वेतन कमीशन के अधिकारियों ने शिष्टमंडल को भरोसा दिलाया कि वे उनकी मांगों बारे गंभीरता से विचार करेंगे तथा उनके बनते हक लागू करने के लिए कोशिश करेंगे।

# ਆਈ. ਆਰ. ਟੀ. ਐਸ. ਏ. ਦੇ ਵਫ਼ਦ ਵੱਲੋਂ 7ਵੇਂ ਕੇਂਦਰੀ ਤਨਖ਼ਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਾਲ ਮੀਟਿੰਗ

ਕਪੂਰਥਲਾ, 16 ਦਸੰਬਰ (ਵਿ.ਪ੍ਰ.)-ਇੰਡੀਅਨ ਰੇਲਵੇ ਟੈਕਨੀਕਲ ਸੁਪਰਵਾਈਜ਼ਰ ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ (ਆਈ.ਆਰ.ਟੀ.ਐਸ.ਏ) ਦੇ ਇਕ ਪ੍ਰਤੀਨਿਧ ਮੰਡਲ ਨੇ ਜੋਧਪੁਰ 'ਚ 7ਵੇਂ ਕੇਂਦਰੀ ਤਨਖ਼ਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨੂੰ ਮਿਲਿਆ। ਆਈ.ਆਰ.ਟੀ.ਐਸ.ਏ ਦੇ ਪ੍ਰਤੀਨਿਧ ਮੰਡਲ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ ਦੇ ਕਾਰਜਕਾਰੀ ਪ੍ਰਧਾਨ ਇੰਜ: ਦਰਸ਼ਨ ਲਾਲ ਨੇ ਕੀਤੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੇਂਦਰੀ ਤਨਖ਼ਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਵੱਲੋਂ ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ ਨੂੰ ਸਮਾਂ ਦੇਣ 'ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਤਹਿ ਦਿਲੋਂ ਧੰਨਵਾਦ ਕੀਤਾ। ਪ੍ਰਤੀਨਿਧ ਮੰਡਲ ਨੇ ਤਨਖ਼ਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨ ਤੋਂ ਜੇ.ਈ, ਸੀ.ਐਮ.ਏ/ਡੀ.ਐਸ.ਐਮ.ਏ ਨੂੰ ਗਰੇਡ ਪੇ 4800, ਐਸ.ਐਸ.ਈ/ਸੀ.ਐਮ.ਐਸ/ਸੀ.ਡੀ.ਐਮ.ਐਸ ਨੂੰ 5400 ਰੁਪਏ ਗਰੇਡ ਪੇ ਦੇਣ, ਸੀ.ਐਮ.ਏ 1 ਦੇ ਗਰੇਡ ਪੇ ਵਿਚ ਤਰੁੱਟੀਆਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ, ਰੇਲਵੇ ਦੇ ਗਰੁੱਪ ਏ ਤੇ ਗਰੁੱਪ ਬੀ ਦੀਆਂ ਪੋਸਟਾਂ ਵਧਾਉਣ ਸਮੇਤ ਹੋਰ ਮੰਗਾਂ ਮੰਨਣ ਦੀ ਮੰਗ ਕੀਤੀ। ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ ਵੱਲੋਂ ਆਪਣੀਆਂ ਮੰਗਾਂ ਸਬੰਧੀ ਕੇਂਦਰੀ ਤਨਖ਼ਾਹ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨੂੰ ਇਕ ਮੰਗ ਪੱਤਰ ਵੀ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਪ੍ਰਤੀਨਿਧ ਮੰਡਲ ਵਿਚ ਇੰਜ: ਕੇ.ਵੀ ਰਮੇਸ਼, ਕੇਂਦਰੀ ਸੀਨੀਅਰ ਜੁਆਇੰਟ ਸਕੱਤਰ, ਇੰਜ: ਓ.ਐਨ ਪ੍ਰੋਹਿਤ, ਕੇਂਦਰੀ ਖ਼ਜ਼ਾਨਚੀ ਇੰਜ: ਮਿਅੰਕ ਭਟਨਾਗਰ, ਕੇਂਦਰੀ ਜ਼ੋਨਲ ਸਕੱਤਰ ਇੰਜ: ਰਜੇਸ਼ ਜਟਾਣਾ, ਕੇਂਦਰੀ ਜੁਆਇੰਟ ਜਨਰਲ ਸਕੱਤਰ ਇੰਜ: ਜਗਤਾਰ ਸਿੰਘ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ ਦੇ ਹੋਰ ਮੈਂਬਰ ਸ਼ਾਮਲ ਸਨ।

ਅਜੀਤ 17 ਦਿਸੰਬਰ - 2014

दैनिक सवेरा 17 दिसंबर-2014

# आई.आर.टी.एस.ए. का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय 7वें वेतन आयोग को मिला

## आई.आर.टी.एस.ए. ने आयोग से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा



आई.आर.टी.एस.ए. के अध्यक्ष दर्शन लाल की अध्यक्षता में समूह प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय वेतन आयोग से बातचीत करता हुआ। (सुमन)

हुसैनपुर, 16 दिसंबर (सुमन) : इंडियन रेलवे टैक्नीकल सर्विस एसोसिएशन आई.आर.टी.एस.ए. की केंद्रीय कार्यकारिणी का प्रतिनिधिमंडल कार्यकारी अध्यक्ष दर्शन लाल की अध्यक्षता में 7वें केंद्रीय वेतन आयोग भारत सरकार को बी.एस.एफ. हैडक्वार्टर जोधपुर में जाकर मिला। आई.आर.टी.एस.ए. ने आयोग से विस्तृत चर्चा की व एक ज्ञापन आयोग को सौंपा जिसमें तकनीकी प्रवेशकों के चलते मुद्दों जैसे जे.ई., सी.एम.ए., डी.एम.एस. को ग्रुप पे 4800, एस.एस.ई. को 5400 ग्रेड-पे दिलवाना, एस.एस.ई. का करियर के 20-20 वर्षों तक एक ही पदनियुक्त वेतनमान में स्थिर रह जाना, सी.एम.ए. 1 के ग्रेड-पे में अनियभिकता को दूर करना, रेलवे में ग्रुप-ए तथा ग्रुप-बी में बहुत कम पोस्टों का होना, पिछले वेतन आयोग तथा डी.ओ.पी.टी. की सिफारिशों के अनुसार वरिष्ठ तकनीकी पर्यवेशकों तथा समक्ष का राजपत्रित किया जाना, पदों की री-एकूचरिंग का लाभ वरिष्ठ तकनीकी पर्यवेक्षकों तथा इसके समक्ष को न मिलना, केंद्रीय 36 प्रतिशत विस्तार होना, जबकि रेलवे में लागू न किया जाना आदि को ज्ञापन द्वारा व अन्य आने वाली कठिनाइयों को अतिअंत प्रभावशाली, तर्कपूर्ण संवादों तथा पावर प्वाइंट प्रैजैंटेशन द्वारा वेतन आयोग के समक्ष रखा, जिसमे माननीय आयोग तथा अध्यक्ष ने चर्चा के अध्यक्ष दर्शन लाल ने केंद्रीय वेतन आयोग के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों का धन्यवाद किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में दर्शन लाल के साथ इंजी. के.वी. रमेश, इंजी. ओ.एन. प्रोहित, मयंक भटनागर, राजेश जटाना, इंजी. जगतार सिंह आदि शामिल हुए।

C M Y K

अजीत हिन्दी 17 दिसंबर-2014

# आई.आर.टी.एस.ए. का प्रतिनिधिमंडल केन्द्रीय 7वें वेतन आयोग को मिला

## यूनियन के अध्यक्ष ने केन्द्रीय वेतन आयोग के अध्यक्ष का किया धन्यवाद



आई.आर.टी.एस.ए. के अध्यक्ष दर्शन लाल की अध्यक्षता में समूह प्रतिनिधिमंडल केन्द्रीय वेतन आयोग से बातचीत करता हुआ। (छाया : कौड़ा)

हुसैनपुर, 16 दिसम्बर (कौड़ा): इंडियन रेलवे टैक्निकल सर्विस एसोसिएशन (आई.आर.टी.एस.ए.) की केन्द्रीय कार्यकारिणी का प्रतिनिधिमंडल कार्यकारी अध्यक्ष दर्शन लाल की अध्यक्षता में 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग भारत सरकार को बी.एस.एफ. हेडक्वार्टर जोधपुर में जाकर मिला।

आई.आर.टी.एस.ए. ने आयोग से विस्तृत चर्चा की व एक ज्ञापन आयोग को सौंपा जिसमें तकनीकी प्रवेशकों के चलते मुद्दे जैसे जे.ई./ सी.एम.ए./ डी.एम.एस. को ग्रुप पे 4800, एस.एस.ई. को 5400 ग्रेड-पे दिलवाना, एस.एस.ई. का कैरियर के 20-20 वर्षों तक एक ही पदैनियुक्त वेतनमान में स्थिर रह जाना, सी.एम.ए.-1 के ग्रेड-पे में अनभिज्ञता को दूर करना, रेलवे में ग्रुप-ए तथा ग्रुप-बी में बहुत कम पोस्टों का होना, पिछले वेतन आयोग तथा डी.ओ.पी.टी. की सिफारिशों के अनुसार वरिष्ठ तकनीकी प्रवेशकों और समक्ष को राजपत्रित किया जाना, पदों की री-स्ट्रकचरिंग का लाभ वरिष्ठ तकनीकी प्रवेशकों तथा इसके समक्ष को न मिलना, केन्द्रीय 36 प्रतिशत विस्तार होना जबकि रेलवे में लागू न किया जाना आदि को ज्ञापन द्वारा व अन्य आने वाली कठिनाईयों को अत्यन्त प्रभावशाली, तर्कपूर्ण संवादों तथा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा वेतन आयोग के समक्ष रखा। जिसमें माननीय आयोग तथा अध्यक्ष ने चर्चा के अनेक बिन्दुओं पर गौर किया। यूनियन के अध्यक्ष दर्शन लाल ने केन्द्रीय वेतन आयोग के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में इंजीनियर दर्शन लाल के साथ, इंजीनियर के.वी. रमेश, इंजीनियर जगतार सिंह आदि शामिल हुए।